# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **रांची पुलिस ने लापुंग से 10 लाख के ईनामी नक्सली पीएलएफआई सुप्रीमो अमृत होरो को किया गिरफ्तार, रंगदारी और आगजनी के कई मामलों में था वांछित।**

2. **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों को दिलाया शिकायतों के समाधान और जवाबदेही का भरोसा, कहा– सीबीएसई 12वीं परीक्षा में अब शुरू होगी पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया।**

3. **ट्रेनों की लेटलतीफी पर विधायक सरयू राय ने उठाया सवाल, टाटानगर रेलवे स्टेशन दौरे पर पहुंचे महाप्रबंधक ने दिया आश्वासन, पैसेंजर ट्रेनों को मिलेगी प्राथमिकता।**

4. **रांची समेत कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज, राज्य में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत, अगले पांच दिनों तक लू चलने की संभावना नहीं;**

5. **पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुमित अंतिल ने बनाया नया विश्व रिकॉर्ड, भाला फेंककर जीता स्वर्ण पदक। प्रवीण कुमार और दीप्ति जीवनजी को भी मिला गोल्ड मेडल।**

********************

रांची पुलिस ने पीएलएफआई नक्सली संगठन के सुप्रीमो कमांडर अमृत होरो को लापुंग इलाके से गिरफ्तार किया है। अमृत होरो पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ रांची और खूंटी समेत कई इलाकों में रंगदारी, आगजनी और रेलवे व निर्माण परियोजनाओं में बाधा पहुंचाने के मामले दर्ज हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने विशेष टीम बनाकर देर रात कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार किया।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वर्ष करीब 17 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी और लगभग 98 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की गई, जिनमें करीब 40 करोड़ स्कैन पेज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू की है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और छात्र हित सुनिश्चित करना है। अब छात्र अपनी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं देख सकते हैं और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

********************

टाटानगर स्टेशन के दौरे पर पहुंचे दक्षिण–पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने आश्वस्त किया कि कोल्हान क्षेत्र में पहले पैसेंजर ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाएगी। उसके बाद ही मालगाड़ियों को पास किया जाएगा।

वहीं विधायक सरयू राय और रेल यात्री संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी का मुद्दा उठाया। सरयू राय ने कई यात्री ट्रेनों के घंटों देरी से चलने का रिकॉर्ड जीएम के सामने रखा।

********************

झारखंड मंत्रालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महनंद राम आत्माराम टेकरीवाल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एंबुलेंस स्वर्गीय आत्माराम टेकरीवाल की पुण्य स्मृति में दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की पहल समाज सेवा और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण है।

********************

झारखंड अधिविद्य परिषद् ने मदरसा परीक्षा 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। राज्यभर में परीक्षाएं 16 जून से 23 जून तक दो पालियों में आयोजित होंगी। परिषद ने मदरसा प्रधानों को निर्देश दिया है कि वे 8 जून से प्रवेश पत्र परिषद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं। वहीं रोल शीट का वितरण 10 से 12 जून के बीच जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से किया जाएगा। मुख्य परीक्षा के बाद 24 जून से 2 जुलाई तक संबंधित मदरसों में प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित होंगी।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में शुरू की गई उज्ज्वला योजना ने धनबाद की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। धनबाद की रमा सिन्हा ने कहा कि इस योजना ने सिर्फ महिलाओं की सेहत और समय को बचाया है, बल्कि इससे पर्यावरण को भी काफी हद तक संरक्षण मिला।

********************

ईद उल अजहा का त्योहार आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई मंत्रियों व अन्य ने आज ईद–उल–अजहा के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, यह त्योहार समर्पण, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद–उल–अज़हा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को बकरीद की बधाई दी।

********************

दुमका समेत पूरे संताल परगना में गर्मी बढ़ने के साथ सर्पदंश की घटनाओं में तेजी आई है। मई महीने के 26 दिनों में संताल परगना में सर्पदंश के 191 मामले सामने आए हैं, जिनमें 6 लोगों की मौत हो चुकी है। दुमका जिले में 26 दिनों के भीतर सर्पदंश की 31 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं पाकुड़ जिले में 60 मामले अस्पतालों तक पहुंचे हैं। गोपीकांदर प्रखंड के रोला पहाड़ी गांव में करैत सांप के काटने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

झारखंड में भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आज से अगले पांच दिनों तक कहीं भी लू चलने की संभावना नहीं है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि आने वाले दिनों में तेज हवा, आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

********************

बेंगलुरु में 8वीं भारतीय ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक F64 श्रेणी में दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए 74 दशमलव आठ दो मीटर का थ्रो किया। उन्होंने वर्ष 2022 के हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में 73 दशमलव दो नौ मीटर का थ्रो किया था। महाराष्ट्र के संदीप सरगर ने 62 दशमलव आठ आठ मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। राजस्थान के संदीप ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

********समाप्त************